प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 17.01.2025 समय : 01:00 पी.एम.

....................

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली में 2024 के राष्ट्रीय खेल पुरस्कार प्रदान किये। राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में विश्व शतरंज चैंपियन डी गुकेश, पेरिस ओलिंपिक्स में दो पदक विजेता मनु भाकर, पुरूष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पेरिस पैरालिंपिक्स में स्वर्ण पदक विजेता प्रवीण कुमार को प्रतिष्ठित मेजर ध्यान चंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पैरा निशानेबाज कोच सुभाष राणा, निशानेबाज कोच दीपाली देशपांडे, हॉकी कोच संदीप सांगवान, बैडमिंटन कोच एस. मुरलीधरन और फुटबॉल कोच अरमान्डो एग्नेलो कोलाको को द्रोणाचार्य पुरस्कार दिया गया। 32 खिलाडियों को अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

....................

नई दिल्ली के भारत मंडपम में भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो आज से शुरू हुआ। छह दिनों तक चलने वाले इस एक्सपो में पांच हजार से अधिक अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागी और आठ सौ प्रदर्शक अपनी उत्पादों का प्रदर्शन करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसका उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वर्तमान में ऑटो इन्डस्ट्री के लिए नई संभावनाओं के द्वार खुल रहे है। इसमें युवा, मध्यम वर्ग तथा सड़को की बेहतर कनेक्टिविटि की बडी भूमिका है।

....................

इस एक्सपो के दौरान मोबिलिटी सेक्टर में नीतियों और पहलों को प्रदर्शित करने के लिए राज्यों के सत्र में होंगे, ताकी उद्योग और क्षेत्रीय स्तरों के बीच सहयोग को मजबूत बनाया जा सके।

....................

जयपुर के सीतापुरा स्थित जेईसीसी में आज से भारत सोलर एक्सपो का आयोजन किया जा रहा है। 19 जनवरी तक चलने वाले इस एक्सपो में विभिन्न कंपनियों की ओर से सौर उत्पाद प्रदर्शित किये जायेंगे। एक्सपो का उद्देश्य सौर ऊर्जा को ज्यादा से ज्यादा बढावा देना हैं। एक्सपो के दौरान तीन दिनों तक संगोष्ठी और सेमिनार भी आयोजित किये जायेंगे। इसके साथ ही नवीनतम सोलर तकनीकों का प्रदर्शन किया जायेगा।

....................

राज्य की ऐसी ग्राम पंचायतें जिनका कार्यकाल इस साल 31 जनवरी तक समाप्त हो रहा है और जिनके चुनाव किसी कारणवश सम्पन्न नहीं हो पा रहे है, उनके निवर्तमान सरपंच को राज्य सरकार ने प्रशासक बनाने का फैसला किया है। प्रशासक की सहायता के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत के वास्ते प्रशासकीय समिति का गठन किया जायेगा। इस समिति में उप सरपंच और वार्ड पंच सदस्य के रूप में शामिल होंगे। प्रशासक और समितियां बनाने के लिए संबंधित जिला कलेक्टरों को अधिकृत किया गया है।

....................

शिक्षा विभाग की ओर से पहली से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों की तीन विषयों की कमियों का पता लगाने के लिए अब मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान हिंदी, अंग्रेजी और गणित विषय का आंकलन किया जायेगा। ये परीक्षा 21 और 22 जनवरी को आयोजित की जायेगी। परीक्षा में विद्यार्थी जिस कक्षा में पढ़ाई कर रहे हैं उससे पहले वाली कक्षाओं से जुड़े सवाल पूछे जाएंगे जिससे बच्चों की पिछली कक्षा की कमियों का पता चल सके और उन्हें दूर करने के लिए विशेष प्रयास किया जा सके।

....................

राजस्थान शिक्षक पात्रता परीक्षा–रीट 2024 के लिए अभ्यर्थी अपने आवेदन में आज से 19 जनवरी तक संशोधन कर सकते हैं। बोर्ड के सचिव और परीक्षा के समन्वयक कैलाश चन्द शर्मा ने बताया कि जिन अभ्यर्थियों ने आवेदन की अंतिम तिथि 15 जनवरी तक चालान जनरेट कर परीक्षा शुल्क जमा करा दिया है और आवेदन पत्र नहीं भरा है उनके लिए ये आखिरी अवसर है। इसके अलावा जिन अभ्यर्थियों ने आवेदन पत्र जमा कर प्रिंट नहीं लिया है वे भी प्रिन्ट ले सकते है। इसके साथ ही

निरस्त किए हुए जिलों में जिन अभ्यर्थियों ने परीक्षा केंद्र चुने थे, उन्हें भी सेंटर बदलने का मौका दिया गया है।

....................

प्रदेश में आज बीकानेर, जयपुर, कोटा और भरतपुर संभाग के कुछ भागों में घना कोहरा छाया रहा तथा कहीं–कहीं कोल्ड–डे दर्ज किया गया है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अगले 2–3 दिन कहीं–कहीं घना कोहरा छाये रहने की संभावना है। हनुमानगढ़ में आज सुबह घने कोहरे से वाहन चालको को परेशानी का सामना करना पडा। भीलवाडा और झालावाड़ में ठण्डी हवाओं के साथ बादल छाये हुए है। झुंझुनूं में कोहरे और सर्द हवाओं से गलन और ठिठुरन बढ गई है।

....................